हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 8 सितंबर 2024

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री



13 छह हजार में 1100 सौ की स्वीकृति उसमें भी सिर्फ...



14 घरों के साथ पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-08/09/24

# सड़क व चौराहे पर बह रहा गंदा पानी, कीचड़ और बदबू से लोग परेशान

## बेरला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खिसोरा में बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

बेरला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खिसोरा के ग्रामीण सड़कों पर बह रहे गंदा पानी के कारण परेशान हैं। स्थानीय नाली-निकासी व्यवस्था का हाल बेहाल है।

गाँव में बस्तियों से गंदा पानी की निकासी के लिए बेहतर नाली व्यवस्था नहीं होने के कारण उसका वेस्ट पानी मुख्य सड़क एवं चौक बह रहा है। वहीं गाँव के आमजनों को रोजमर्रा के कामकाज के लिए इस सड़क से होकर गुजरना पड़ता है, किंतु कई वर्ष बीत जाने के बाद स्थानीय ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा गाँव की इस गम्भीर समस्या का निराकरण नहीं किया जा सका है।

चौक व सड़क पर निरन्तर पानी के बहाव के कारण कीचड़ जमा हो गया है, वहीं काई जम गई है, जो राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बन गए हैं। वहीं, चौक के समीप ही परपोड़ा गाँव के लिए आमलोगों का आवागमन भी प्रतिदिन होता है, जिसके कारण आसपास के रहवासियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या पर गत दो पंचवर्षीय कार्यकाल तक ग्राम प्रधान रहे वर्तमान सरपंच भवानी साहू द्वारा भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### कलेक्टोरेट पहुंचने की तैयारी

खिसोरा के ग्रामीण रामनारायण साहू ने बताया कि यह समस्या किसी एक व्यक्तिगत की नहीं अपितु पूरे गाँव की बड़ी समस्या है, जिस पर जल्द ही शासन-प्रशासन द्वारा इसका समाधान नहीं किया गया तो ग्रामजनों से चर्चा कर इस विषय कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन देना पड़ेगा। वहीं खिसोरा के विजय कुमार ने कहा कि फिलहाल गाँव में विभिन्न जगहों पर पर्व के लिए लोगों का आना-जाना बढ़ जाएगा, लेकिन इसी बीच सड़क पर बहते नाली के पानी से गुजरने पर अपवित्र होना तय है। इससे पर्व सम्बन्धित धार्मिक कार्य में भी खलल उत्पन्न होगा जो काफी चिंताजनक है। जबकि गाँव के ही एक अन्य व्यक्ति का कहना है कि हर साल ग्राम पंचायत में आधारभूत कार्य के लिए बड़ी राशि मिलती है, लेकिन ऐसे कार्य नहीं किए जाते। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के कार्य के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

## निर्णय : बेमेतरा जिले के बरगा के ग्रामीणों ने बैठक में लिया निर्णय

# फसलों को बचाने ग्रामीणों ने लावारिस पशुओं की देखभाल की ली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वर्तमान में क्षेत्र में आवारा पशुओं के कारण आम नागरिक हो या ग्रामीण किसान, समस्या से जूझ रहे हैं। यात्रा करते सड़क हो अथवा फसलपूर्ण खेत, जहां आपको आवारा पशु संख्या में नजर आ जाएंगे। कुछ इसी प्रकार की समस्या से बरगा के ग्रामीण जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार यहां कुछ दिन पूर्व अन्यत्र गांव से लगभग 105-110 पशुओं को लाकर छोड़ दिया गया था। इससे ग्रामीण किसानों कीफसलों को भारी नुक़सान पहुंचता था। यह पशु एक साथ नहीं बल्कि अलग-अलग दिनों में लाए गए थे और ग्रामीणों के लिए समस्या बन गए थे। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने एक-एक मवेशियों की देखभाल का निर्णय लिया है।

**इस ओर ध्यान दे सरकार-** इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि बल्लू नोहर पाल ने बताया कि सिर्फ बरगा की नहीं, अपितु पूरे प्रदेश में यह बड़ी समस्या है। छत्तीसगढ़ सरकार को इस विषय में कार्य करना चाहिए कि कैसे इन लावारिश पशुओं की व्यवस्था की जाए कि यात्री और किसानों के साथ ही इन मवेशियों को भी किसी तरह की हानि न हो।



### पांच दिन बैठक के बाद लिया निर्णय

प्रतिवर्ष इन्ही दिनों में लावारिस पशुओं से ग्रामीण किसान जूझते आये हैं, पिछले वर्ष संख्या कम थी तो निर्धारित मजदूरी पर चरवाहे की व्यवस्था कर देखभाल किया गया था, लेकिन इस बार संख्या ज्यादा है इसलिए ग्रामीणों ने लगातार पांच दिन बैठक करने के बाद निष्कर्ष निकाला और अपने-अपने घरों में देखभाल करने का निर्णय लिया है।

### ग्रामीणों ने की पहल

इस समस्या का समाधान करने के लिए ग्रामीणों ने एक बैठक की। बैठक में एक-एक पशु को अपने-अपने घरों में रखकर देखभाल करने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय से न केवल फसलों को बचाया जा सकेगा, बल्कि लावारिस पशुओं की भी देखभाल हो सकेगी। इससे मवेशी भी स्वस्थ और सुरक्षित रहेंगे। बैठक में कन्हैयालाल पाल, बिसाहू राम, कमलेश साहू, पुनाराम साहू, कियत साहू, शिवकुमार , लक्ष्मण साहू, तखतराम साहू, गौतम साहू , श्यामलाल साहू ठेकादार, डॉ टीकेन्द्र साहू, भोपेन्द्र साहू, राजकुमार साहू, दादु साहू, प्रमोद साहू, भागवत साहू, प्रताप साहू, अशोक साहू, शिवदयाल निर्मलकर, जलसु निर्मलकर खेमसिंह वर्मा सहित सभी ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

### मवेशी छोड़ने वालों पर कार्रवाई का निर्णय

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर दूसरे गांव से पशुओं को लाकर बरगा या उसके आसपास के खेतों में छोड़ते हुए देखा जाता है, तो उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई ग्रामीणों द्वारा की जाएगी, जो अपने फसलों और समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस निर्णय से ग्रामीणों में उत्साह और एकता की भावना जागृत हुई है, और वे अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### फसलों के नुकसान की चिंता

ज्ञात हो कि ग्रामीणों ने पहले ही अपने निजी पशुओं के लिए उचित मेहनताना पर गोपालक लगाया हुआ है, जो उनकी प्रतिदिन देखभाल करते हैं और जिनसे फसलों को कोई क्षति नहीं हैं। लेकिन बाहर से लाकर छोड़े गये लावारिस पशु किसानों के लिए समस्या बन चुके थे, क्योंकि वे फसलों को नुक़सान पहुंचाते थे और ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करते थे।

## आईजी से शिकायत

# थानेदार सहित तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बेमेतरा जिले के परपोड़ी थाना का मामला

दुर्ग रेन्ज पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग द्वारा बेमेतरा ज़िला के परपोड़ी थाना में पदस्थ प्रभारी निरीक्षक सहित तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। इस कार्रवाई से बेमेतरा पुलिस विभाग में काफी हड़कम्प मचा हुआ है।

बताया जा रहा है कि यह कार्यवाही पुलिस आईजी कार्यालय द्वारा एक स्थानीय प्रार्थी से रंगदारी के रूप में रिश्वत मांगने पर की गई है। इसमें परपोड़ी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर प्रमोद शर्मा, प्रधान आरक्षक शिवराज चौहान, आरक्षक मोहित चेलक व तुकाराम पर निलंबन की त्वरित कार्रवाई हुई है। मिली जानकारी के अनुसार परपोड़ी थाना में गत 17 मई 2024 को प्रार्थी मनीकुमार देवांगन सहित अन्य दो लोगों द्वारा स्वयं के साथ ट्रेडिंग एवं शेयर में पैसा निवेश के नाम पर करीब 33 लाख रुपये की धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत कर मामला दर्ज कराया गया था। इसमें जांच एवं विवेचना की कार्यवाही के दौरान एक आरोपी को पुलिस द्वारा पकड़ने की बात की ही जा रही थी। इसी बीच प्रार्थिया ने पुलिस आईजी कार्यालय में थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा पैसा मांगने की शिकायत की गई है। जिसका स्पष्ट खुलासा तो नहीं हो पाया है कि किन्तु पुलिस महानिरीक्षक द्वारा त्वरित कार्रवाई कर दी गई।

## सेक्टर-2 के गणेश पंडाल में करंट लगने से मौत

**भिलाई।** करंट लगने से पंडाल में टैंकर लेकर पानी देने पहुंचे चालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक पाटन निवासी संतोष साहू सेक्टर 2 स्थित न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति में पानी टैंकर लेकर शुक्रवार को गया हुआ था। जहां संतोष मोटर को टैंकर में डालकर पानी सप्लाई कर रहा था। इस दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मोटर पम्प से फिश पॉन्ड में पानी भरने के दौरान हादसा होना बताया गया है। हादसे के बाद संतोष साहू के परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों का भी आरोप है कि करंट से उसकी मौत हुई है।

## खबर संक्षेप

### मीडिया कर्मी से मारपीट के मामले में 5 गिरफ्तार

**भिलाई।** मीडिया कर्मी के साथ हमला करने के मामले में पुलिस ने पांच युवको को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 333,109,3 (5) बीएवएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम सेलूद बजरंग चौक में मीडिया कर्मी किशन हिरवानी की शॉप है। जहां पर आरोपी ग्राम खोपली निवासी भावेश साहू , गोंडपेण्डरी ऋषि ठाकुर स्टुडियो में फोटो खिचवाने के नाम पर आए थे। पीड़ित ने जब फोटो खींचने कैमरा उठाया तभी भावेश साहू हाथ में रखे बैस बाल बैट से हमला कर दिया। घटना में पीड़ित सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई। शिकायत के बाद पुलिस ने ऋषि ठाकुर, भावेश साहू, भुनेश्वर आग्नेकर, राकेश मारकण्डे, खोपली के यतीश को गिरफ्तार किया। टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि हमला करने सेलुद में स्थित वर्षा रेस्टारेंट का संचालक देवानंद साहू उर्फ देवा के कहने पर किया गया है। संचालक पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**अंडा।** अज्ञात वाहन की ठोकर से पैदल चल रहा युवक चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौत हो गई है। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जिसका अंतिम संस्कार परिजनों ने किया। अंडा पुलिस ने बताया कि दुर्ग से बालोद रोड पर अटल चौक अंडा में सुबह अज्ञात वाहन की ठोकर से सड़क पर पैदल चल रहे युवक ग्राम चिंगरी निवासी के सुर्यकांत सूर्यवंशी है। वाहन की ठोकर से उसकी मौक पर ही मौत हो गई। घर से सुबह टहलने निकला था। 6 सितंबर को उसकी दादी का दशगात्र कार्यक्रम था। वाहन की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आसपास में लगे सीसी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है।

### गांजा तस्करीः महिला समेत चार युवक पकड़ाए

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले पांच युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए आईजी राम गोपाल गर्ग और एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सड़क 11 सी मार्केट बीएसपी क्वाटर सेक्टर 6 निवासी पिंतु साहनी अवैध रुप से गांजा तस्करी लाकर बालाजी नगर खुर्सीपार की जी सरोजनी के मकान के पास अलग मकान में रखा था। पिंतु युवक की हाइट छोटी है। वह लोवर और टी शर्ट पहनकर गांजा की रखवाली कर रहा था। सरोजनी व पिंतु दोनों मिलकर गांजा को बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस ने गणेश मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार के मकान में दबिश दिया।

# रांका-पथर्रा के बीच प्लांट के विरोध में महापंचायत आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



### 30 गांवों के ग्रामीण होंगे शामिल व्यापारियों ने भी दिया समर्थन




रांका और पथर्रा गांव के बीच कृषि भूमि पर एथेनाल और पावर प्लांट लगाने का विरोध जोर पकड़ता जा रहा है। प्लांट के विरोध में ग्राम रांका के आसपास के तीस गांवों के ग्रामीणों ने आज 8 सितंबर को विशाल महापंचायत का आयोजन किया है। वहीं, विरोध व महापंचायत के समर्थन में रांका और कठिया के व्यापारियों ने भी अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है।

पर्यावरण बचाओ प्रदूषण हटाओ मंच के प्रमिल तिवारी, अजिताभ मिश्रा, जनपद सदस्य सिद्दीक खान, नरेश साहू ग्रामीण अध्यक्ष साहू समाज रांका ने बताया कि बंजर ज़मीन पर लगने वाले प्लांट को गांव के अंदर कृषि भूमि में लगाने के विरोध में रांका और पथर्रा सहित आसपास के तीस गांवों के लोगों द्वारा 8 सितंबर रविवार को महापंचायत का आयोजन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन प्रशासन द्वारा उद्योग के हित को सर्वोपरी मानते हुए ग्रामीण किसान जनता की आवाज को दबाने हर तरह की युक्ति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों व ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है।विगत दो तीन माह से इसके लिए गांव गांव में लगातार बैठकें की जा रही हैं। रांका में जब से बायो फ्यूल के लिए भूमि के डायवर्सन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, तब से लेकर आज तीन वर्षों से यहां के किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना ये है प्लांट निर्जन क्षेत्र में बंजर जमीन में लगने वाला प्लांट है। नवागढ़ ब्लाक के क्षेत्र में संचालित प्लांट की भयंकर बदबू और प्रदूषण को देखते हुए लोगों का आक्रोश और बढ़ रहा है। लोग लगातार उक्त गांव में संचालित प्लांट से होने वाली बदबू और प्रदूषण का अवलोकन कर रहे हैं। उसी को देखते हुए आज महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। पहले जहां केवल रांका और पथर्रा के ही ग्रामीण विरोध कर रहे थे, वहीं अब परिस्थितिवश इसका दायरा आस पास के तीस पैंतीस गांवों तक फैल चुका है। श्री तिवारी व अन्य सदस्यों ने कहा कि ग्राम कठिया में ▶▶|शेष पेज 12 पर

# देवकर स्कूल की छात्रा ममता राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हुई शामिल

## अंबिकापुर में आयोजित स्पर्धा में दुर्ग संभाग की अंडर 17 बालिका टीम का किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर



नगर की प्रतिष्ठित संस्था पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा 10 वीं छात्रा ममता साहू ने 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024–25 में फुटबॉल खेल में भाग लिया। यह प्रतियोगिता 1 से 4 सितम्बर तक सरगुजा जिले के अंबिकापुर में आयोजित की गई। ममता साहू ने दुर्ग संभाग की अंडर 17 बालिका टीम का प्रतिनिधित्व किया। वह इस फुटबॉल टीम में बेमेतरा जिला से एक मात्र खिलाड़ी रही हैं। ममता साहू ग्राम अकलवारा निवासी रामकुमार साहू की पुत्री हैं। यह विद्यालय के साथ पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि एक छोटे से गांव से जहां खेल सुविधाएं के अभाव में भी अपनी कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से इस मुकाम तक पहुंची है। इस स्वामी आत्मानंद विद्यालय को संचालित होते हुए केवल चार वर्ष हो रहे हैं, लेकिन विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों की मेहनत से यहां अध्ययनरत विद्यार्थी नए आयामों को हासिल कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर छात्रा को संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार डहाले, व्यायाम शिक्षक योगेश साहू, प्रधान पाठक नमिता सिंह, ▶▶|शेष पेज 12 पर

## ग्राम टकसींवा में एनीमिया व पोषण जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# आयुर्वेद में है एनीमिया का कारगर उपचार : डॉ. कुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जिला आयुष अधिकारी बेमेतरा डॉ वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय टकसींवा के तत्वावधान में एनीमिया व पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आयुष्मान आरोग्य मंदिर टकसींवा परिसर में आयोजित इस शिविर में 68 हितग्राहियों की हिमोग्लोबिन जांच की गई। जिनका हिमोग्लोबिन सामान्य से कम पाया गया, उन्हें निःशुल्क आवश्यक आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर टकसींवा के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ कुश कुमार साहू ने एनीमिया के कारण व लक्षण बताते हुए आयुर्वेदिक एवं घरेलू उपचार के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनीमिया एक गंभीर स्थिति है। इसमें शरीर में लाल रक्त कणिकाओं (आरबीसीएस) या हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है। यह समस्या खासकर महिलाओं और बच्चों में अधिक पाई जाती है। आयुर्वेद जो भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। इस समस्या को गहराई से समझा है और इसके लिए विभिन्न उपायों का उल्लेख किया है। एनीमिया का आयुर्वेदिक दृष्टिकोण आयुर्वेद में एनीमिया को पांडु रोग के रूप में जाना जाता है। पांडु रोग शरीर में रक्त की कमी और रक्त की गुणवत्ता में गिरावट को दर्शाता है। आयुर्वेद के अनुसार यह रोग तब उत्पन्न होता है जब शरीर में वात, पित्त, और कफ दोषों का असंतुलन होता है। पित्त दोष के असंतुलन के कारण रक्त का रंग फीका हो जाता है शरीर में ऊर्जा की कमी होने लगती है। पांडु रोग के कारण आयुर्वेद में एनीमिया के विभिन्न कारण बताए ▶▶|शेष पेज 12 पर

### शिविर में की गई हिमोग्लोबिन की जांच



### शिविर में इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम में सीएचओ टुकेशवरी साहू ने रक्त जांच में, होरी लाल यादव ने औषधी वितरण में, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री परगनिहा, रीना पाटिल,लुकेश्वरी साहू, संतोषी साहू, भुनेश्वरी, संजीदा, मंजू, विशाखा साहू, मितानिन मीना धीवर, दीपक बाई व अहिल्या टंडन ने कार्यक्रम के सफलता में सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, वृद्धजन, स्कूल के छात्र-छात्राएं ग्रामीण उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख डॉ कुश कुमार साहू ने किया।

## फरार आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम

**भिलाई।** जुलाई में खूबचंद बघेल कॉलेज भिलाई-3 के सहायक प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए जानलेवा हमला मामले में फरार चल रहे 3 युवकों के बारे में सूचना बताने वालो को 10-10 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इसके अलावा पुलिस पकड़ से बाहर होने वाले आरोपियों की संपत्ति भी कुर्की होगी। फरार आरोपियों में फ्लैट नंबर 404 चौथी ब्लाक एफ बिठ्ठलपुरम उमदा रोड भिलाई तीन निवासी प्रोबीर शर्मा पिता ओम प्रकाश शर्मा पर धारा, एचआईजी डुप्लेक्स डिलक्स 32 फेस 1 कबीर नगर टाटीबंद रायपुर मुकेश मिश्रा उर्फ शिवम मिश्रा पिता अन्नपूर्णा मिश्रा, ब्लाक एफ फ्लैट नंबर 501 बिठलपुरम उमदा रोड भिलाई तीन धीरज कुमार उर्फ वीरु पिता राम वस्त्राकार है। घटना 19 जुलाई 2024 को ग्रीन वेली निवासी सहायक प्रोफेसर विनोद शर्मा के साथ हुआ था। जिनका इलाज दिल्ली स्थित अस्पताल में जारी है।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### नाले में गिरे मवेशी को निगम अमले ने निकाला

**रायपुर।** विधानसभा मार्ग पर आमासिवनी क्षेत्र के पास एक मवेशी नाले में गिर गया। इसकी सूचना मिलते ही नगर निगम की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन एवं रस्सी की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद मवेशी को काऊकैचर वाहन से गोठान भेजा गया।

### रावणभाठा मैदान में दिखेंगी रामायण कालीन सभ्यता की सुंदर कलाकृतियां

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक दशहरा खेल मैदान रावणभाठा में रामायण कालीन सभ्यता की जानकारी लोगों को अब सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से भी होगी। इसके लिए मैदान में चबूतरों एवं बाउंड्रीवॉल की दीवारों पर सुंदर कलाकृतियां आर्ट वर्क से उकेरी जा रही हैं। यह कलाकृतियां दशहरा पर्व के दिन रावणभाठा मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में पहुंचने वाले हजारों लोगों को देखने को मिलेंगी।

### बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य शुरू

**रायपुर।** रावणभाठा मैदान में पहुंचने वाले खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों के लिए बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बैटमिंटन कोर्ट के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है।

### शिकायत के बाद मोहल्ले में फॉगिंग

**रायपुर।** टाटीबंध बिजली ऑफिस मोहल्लेवासी मच्छरों के प्रकोप से परेशान थे। नगर निगम जोन में कई बार शिकायत करने के बाद भी मच्छरों पर नियंत्रण के लिए मोहल्ले में फॉगिंग नहीं की जा रही थी। कॉलोनीवासी राजबिंदर सिंह ने थक हारकर इस समस्या की शिकायत कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में की, जिसके एक दिन बाद ही उसके मोहल्ले में निगम कर्मचारियों की टीम ने फॉगिंग करते हुए लोगों को मच्छरों से राहत पहुंचाई।

### विद्युत बचत एवं अक्षय ऊर्जा पर कैट की कार्यशाला




**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमैन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, वासु माखीजा, महामंत्री सुरिंदर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट एवं सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप (सीएजी) चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में विद्युत बचत व अक्षय ऊर्जा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के कार्यक्रम संयोजक मोहन वल्र्यानी थे।

### अंगदान विषय पर सेमीनार शिविर में कराई जांच

रायपुर। सांदीपनी एकेडमी अछोटी दुर्ग में गुरुवार को सीजी चिकित्सालय रायपुर के सहयोग से महाविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए निशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. मनीष एस. श्रीवास्तव वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं डॉ. रश्मि राठौर दंत सलाहकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. आतीश साहू दंत सलाहकार एवं सीजी चिकित्सालय रायपुर की आठ सदस्यों की टीम उपस्थित थी। साथ ही सांदीपनी एकेडमी अछोटी नर्सिंग प्राचार्य प्रो. आकांक्षा रानी गॉटलिब, शिक्षा विभाग से प्राचार्य डॉ. स्वाति श्रीवास्तव, सुधीर तिवारी एवं समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।शिविर में कुल 112 लोगों का पंजीकरण कर सभी की जांच की गई।

# सीएसआर फंड से बने पब्लिक टॉयलेट की दुर्गति, तीन साल से सरोना में ताला बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एसईसीएल के सीएसआर फंड से रेलवे ने मंडल व जोन के 110 स्टेशनों में पब्लिक टॉयलेट तो बना दिया, लेकिन इसका संचालन अभी कई जगहों तक शुरू नहीं कर पाया है।

सरोना स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट पर तीन साल से ताला लटका हुआ है, जो अब बिना उपयोग के खराब हो रहा है। रेलवे का इंजीनियरिंग विभाग टॉयलेट बनाने के बाद संचालन की जिम्मेदारी मंडल के कमर्शियल विभाग को दे चुका है, लेकिन मंडल के जिम्मेदार अभी तक इसके संचालन के लिए एजेंसी नहीं ढूंढ पाए। इस वजह से आधुनिक सुविधा वाले पब्लिक टॉयलेट अब अनुपयोगी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, एक टॉयलेट बनाने में 8 लाख खर्च किया गया है। यहां पर पुरुषों के साथ महिलाओं व दिव्यांग जनों के लिए अलग से शौचालय बने हैं। इसके अलावा चलने के लिए रैंप भी बनाया जाएगा।

हरिभूमि सरोकार

### दो साल में तीन बार किया टेंडर

जोन व मंडल में पब्लिक टॉयलेट तैयार हुए तीन साल से अधिक हो चुका है, लेकिन इसके संचालन के लिए सरोना में अभी तक केवल तीन बार ही टेंडर जारी किया था। एजेंसी नहीं मिलने से जिम्मेदारों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनाया था, लेकिन शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। कुछ महीने पहले रायपुर स्टेशन में टॉयलेट का संचालन शुरू हुआ है।

**मंडल के 15 स्टेशनों पर बने हैं पब्लिक टॉयलेट, प्रत्येक पर 8 लाख हुए खर्च**





### खराब हो रही मशीन, मेंटेनेंस भी नहीं

पब्लिक टॉयलेट का उपयोग नहीं होने से यात्री सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीन अब खराब हो रही है। तीन सालों से रेलवे ने मेंटेनेंस भी नहीं किया है। रैंप में लगे टाइल्स भी टूट-फूट गए हैं। टॉयलेट में सैनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, महिला शौचालयों में भस्मक और पुरुष शौचालय में कंडोम वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है।

## अफसरों ने कहा - शिकायत होने पर करेंगे कार्रवाई

# गणेशोत्सव समितियों ने ताक पर रखी गाइडलाइन, सड़क तक सजाया पंडाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेशोत्सव समितियों के लिए हर साल गणेश उत्सव के दौरान प्रशासन द्वारा गाइड लाइन जारी की जाती है। इस बार भी गाइड लाइन जारी की गई है।

इस गाइड लाइन में समितियों को निर्देशित किया गया है कि मुख्य सड़क के किनारे पंडाल नहीं लगाकर कम से कम 50 मीटर दूर में पंडाल लगाएं, ताकि यातायात पर इसका प्रभाव नहीं पड़े और सुगम व सुचारू रूप से सड़क पर आवागमन हो सके। इस निर्देश के बाद भी शहर में समितियों ने किनारे से लेकर सड़क तक पंडाल सजा लिए हैं। इन पंडालों के कारण उन मार्गों पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बनी रहेगी, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इधर प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि पंडाल के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या निर्मित होने की शिकायत पर संबंधित समिति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### खानापूर्ति कार्रवाई

एक ओर जहां प्रशासन के निर्देश की समितियां खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नियमों का उल्लंघन कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि किसी भी समिति के खिलाफ शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में प्रशासन को तात्यापारा चौक के पास मुख्य सड़क तक लगे एक पंडाल को हटाकर किनारे भी कराया गया है। हालांकि यह कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति है, क्योंकि शहर में ऐसे थोक में पंडाल हैं, जो सड़क तक लग चुके हैं। इन पंडालों के कारण अब इन मार्गों पर 11 दिनों तक आम लोग ट्रैफिक समस्या से जूझते रहेंगे।



### इन इलाकों में सड़क तक सज चुके हैं पंडाल

शहर में शहर की कई प्रमुख एवं व्यस्त सड़क मार्ग पर पंडाल लगाए गए हैं। इनमें रेलवे स्टेशन, लाखेनगर, पुलिस लाइन रोड, रामसागरपारा सहित अन्य कई प्रमुख इलाके हैं, जहां समितियों ने मुख्य सड़क तक पंडाल लगा लिए हैं।

### 26 बिंदुओं पर जारी गाइड लाइन, पालन कुछ निर्देशों का

गणेशोत्सव के लिए प्रशासन ने इस बार समितियों के लिए 26 बिंदुओं पर गाइड लाइन जारी की है। प्रशासन ने गाइड लाइन में शामिल सभी निर्देशों का पालन करने समितियों से अपील भी की है, लेकिन इस अपील का समितियों पर खासा असर दिखाई नहीं दे रहा है। समितियों मुख्य सड़क से 50 मीटर दूर पंडाल लगाना छोड़ सड़क तक पंडाल सजा लिए हैं। इनमें शहर के कई प्रमुख सड़कें भी हैं, जहां पंडाल लगाकर उन्हें सजाने का काम समितियों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा 55 डेसिबल साउंड सिस्टम भी प्रतिबंधित किया गया है, बावजूद भगवान गणेश की मूर्ति को पंडालों में विराजित करने के दौरान शुक्रवार को समितियों ने 55 डेसिबल से ज्यादा आवाज करने वाले डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग किया गया।

### गाइड लाइन में शामिल प्रमुख बिंदु

- पर्यावरण को लेकर एनजीटी के नियमों करना होगा पालन
- गणेश पंडालों में सुरक्षा की दृष्टि से लगाने होंगे सीसीटीवी कैमरे
- मूर्ति एवं पंडाल की समिति को स्वयं से करनी होगी सुरक्षा
- घर के बाहर मूर्ति स्थापना के लिए नगर निगम और संबंधित थाना को सूचना देना अनिवार्य
- 55 डेसिबल से ज्यादा आवाज वाले साउंड सिस्टम प्रतिबंधित
- पंडाल सड़क के किनारे नहीं लगाना है। ट्रैफिक जाम होने की स्थिति में होगी कार्रवाई
- रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि यंत्र बजाना प्रतिबंध
- साउंड सिस्टम लगाने के लिए वाहन का स्वरूप बदलने पर रोक
- मूर्ति विसर्जन 20 सितंबर तक। इसके बाद मूर्ति विसर्जन करने पर होगी कार्रवाई
- झांकी विसर्जन के दौरान अस्त्र-शस्त्र का उपयोग-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

# इंटर स्टेट बस टर्मिनल की व्यवस्था सुधारने बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- बैठक में पुलिस, परिवहन, निगम, बस ऑपरेटर यूनियन से जुड़े लोग शामिल

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में यात्री सुविधाओं के साथ ही बसों की आवाजाही तथा पार्किंग व्यवस्था सुधारने शुक्रवार को बस ऑपरेटर यूनियन के साथ पुलिस, परिवहन तथा निगम अफसरों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण लिए गए। साथ ही पुलिस अफसरों ने बस ऑपरेटरों को अपराधिक तत्व के लोगों को नौकरी पर नहीं रखने के साथ ही एजेंटों की सूची देने के लिए निर्देशित किया है।

बस ऑपरेटर यूनियन के साथ बैठक एसएसपी डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर किया गया। बैठक में बस ऑपरेटर, एजेंट के साथ ही स्थानीय पार्षद के अलावा 50 से ज्यादा लोग शामिल हुए। बैठक में यात्रियों से अवैध उगाही न करने, अवैध पार्किंग न करने, असमाजिक तत्वों का अवैध जमवाड़ा, वाहन चालकों द्वारा निर्धारित स्थान में न रहकर कहीं भी रहना सो जाना, बैरियर से पैसा की वसूली शिकायत, यात्री छोड़ने व ले जाने वालों से अवैध वसूली न करने, काउंटर में किराया सूची का प्रकाशन गुमास्ता एवं आरटीओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र चस्पा करने, बस संचालकों व ऑपरेटरों की कर्मचारी सूची प्रदाय करने, बस स्टैण्ड परिसर में नशा खोरी न करने, यात्रियों से दुर्व्यवहार न करने के निर्देश दिए गए।

*इन स्थानों में बस पार्क नहीं करने के निर्देश : ट्रैफिक पुलिस ने बस ऑपरेटरों को संतोषी नगर अंडर ब्रिज के दोनों तरफ तथा पचपेड़ी नाका के पास सवारी उतारने चढ़ाने के लिए बस नहीं खड़ी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समय से पहले बस स्टैंड में बस नहीं लगाने, बस के समय की सूची देने, पूर्व में ट्रेवल्स एजेंटो को जारी आईडी कार्ड धारण करने व अवैध ट्रेवल्स एजेंटो को संरक्षण नहीं देने, वैध ट्रेवल्स एजेंटो की सूची प्रदान करने, लंबे समय से खड़ी वाहनों के मालिकों से वाहनों को हटाने, अपराधिक प्रवृति के लोगों को पनाह नहीं देने, ऑल इंडिया परमिट के बसों को अपने स्वयं के स्थल में बस खड़ी करने तथा ओवर लोडिंग करने से बचने कहा गया।*

- जिन छात्रों ने दो दिन पूर्व की थी मारपीट, उन पर ही हंगामे का आरोप

# आधी रात साइंस कॉलेज हॉस्टल में बवाल झगड़े के बाद थाने पहुंच गए दो दर्जन छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार मध्यरात्रि के बाद 2 से 3 बजे के मध्य फिर से यहां हंगामा हुआ। साइंस कॉलेज के मेजर गोरे छात्रावास की यह घटना है।

- एनएसयूआई-एबीवीपी फिर आमने-सामने

एनएसयूआई के जिन छात्रों के खिलाफ दो दिन पूर्व एफआईआर दर्ज की गई थी, उन्हीं छात्रों पर फिर से मारपीट का आरोप लगा है। आरोप है कि एनएसयूआई के जिला सचिव राहुल महाजन और उनके अन्य साथियों द्वारा रात्रि 2:30 बजे नशे की हालत में छात्रावास में जबरन घुसकर छात्रों के साथ मारपीट की गई और अभद्र गालियां दी गईं।

इस घटना से आक्रोशित लगभग 20 से 30 छात्र तड़के 4 बजे सरस्वती नगर थाने का घेराव करने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने छात्रों की शिकायत लिखी।

### हास्टलर्स नहीं, फिर भी कैसे घुसे

एनएसयूआई के जिन दो छात्रों पर मारपीट और हंगामे के आरोप लगे हैं, वे हॉस्टल के छात्र नहीं हैं। इसके बाद भी वे हॉस्टल में कैसे घुसें, यह गंभीर विषय है। गौरतलब है कि इसी सप्ताह एबीवीपी के सदस्यता अभियान के दौरान दोनों पक्ष के मध्य मारपीट हुई थी। दोनों ही पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर एफआईआर करवाई गई थी। कई छात्रों को गंभीर चोटें आई थी। इसके बाद भी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से कोई व्यवस्था नहीं की गई है।





### पानी पीने आए थे छात्र

छात्र गणेश मूर्ति लेकर राजिम से लौटने के बाद पानी पीने के लिए छात्रावास गए थे। इस दौरान किसी गलतफहमी के कारण बहस की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे आपसी सहमति से तुरंत सुलझा लिया गया। - **शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

### शिकायत वापस लेने दबाव

छात्रों संग मारपीट करने के बाद दबाव बनाया जा रहा है कि वे अपनी शिकायत वापस लें। दो दिन के अंतराल में यह मारपीट की दूसरी घटना है। - **प्रथम राव फुटाने,** रायपुर प्रभारी

- पत्रकार वार्ता में नए प्रदेश अध्यक्ष ने दी जानकारी

# घासी घसिया समाज चुनाव के बाद अब जाति प्रमाणपत्र बनवाने में देगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज के बिखराव को खत्म करने के लिए पहली बार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए 3 सितंबर को बिलासपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी घसिया समुदाय ने खुद को मजबूत करने के लिए समाज का चुनाव किया। इसमें जीतने के बाद अब समाज की अगवाई में प्रदेश स्तरीय समस्या के रूप में हर वर्ग के लिए काम किया जाएगा। जाति प्रमाण बनवाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने की बात भी प्रदेश अध्यक्ष सचिन खरे ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कही।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सोना, कोषाध्यक्ष गोपाल नायक ने संयुक्त रूप से बताया कि हर जिले में समाज को जोड़ने के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों का भी गठन किया जाएगा। इसमें महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और कर्मचारी प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। श्री खरे ने बताया कि समाज के नाम पर खाता खोला जाएगा। इसमें 10 लोगों को शामिल किया जाएगा। समाज का झंडा तैयार किया जाएगा। कई ऐसे बिन्दु हैं, जिनको लेकर आगामी दो महीने में विचार करके अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए जमीनी स्तर पर रणनीति बनाकर काम शुरू किया जाएगा।




# रिक्त पदों पर भर्ती, फिजिकल टेस्ट 16 से

**रायपुर।** छग नगर सेना विभाग द्वारा 1715 रिक्त पदों पर महिला छात्रावास एवं 500 रिक्त पदों पर सामान्य ड्यूटी के लिए पुरुष-महिला नगर सैनिकों की भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 सितंबर से प्रदेश के 4 संभागीय मुख्यालयों में संपादित की जानी है। इनमें रायपुर संभाग के जिले रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार में महिला छात्रावास के लिए 450 महिला तथा महिला एवं पुरुष सामान्य ड्यूटी के लिए 200 नगर सैनिकों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 सितंबर से 4 अक्टूबर तक केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैंप में होगी। उक्ताशय की जानकारी डिस्ट्रिक कमांडेंट होमगार्ड ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## जवाहर बाजार की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने कमिश्नर से की चर्चा

# स्मार्ट बाजार का आवंटन 2022 में किराया 2019 से मांग रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जवाहर बाजार की दुकानों के किराया को लेकर दुकान संचालकों और नगर निगम के बीच फंसा पेंच सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले को लेकर जवाहर बाजार संघ के व्यापारी छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा से मिले। इस दौरान व्यापारियों ने मांग की है कि जिस दिन से दुकानें आबंटित की गई हैं, उसी दिन से किराया भी लिया जाएगा। व्यापारियों ने इसके अलावा काम्पलेक्स में लिफ्ट लगाने सहित अन्य प्रस्तावित काम को भी जल्द से जल्द कराने की मांग की। कमिश्नर ने व्यापारियों की मांगों को लेकर आश्वस्त किया है कि उनकी मांगे पूरी करने लिए नियम के तहत प्रयास करेंगे। जवाहर बाजार काम्पलेक्स के निर्माण के बाद दुकानों के निर्माण के साथ आबंटन की प्रक्रिया वर्ष 2019 से शुरू हुई थी, वहीं वर्ष 2021 में दुकानों में बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई, जबकि वर्ष 2022 में व्यापारियों को दुकानें आबंटित की गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि दुकानें जिस तारीख से आबंटित की गईं, उस दिन से किराया निगम द्वारा लिया जाना चाहिए, जबकि वर्ष 2019 से किराया मांगा जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है।




### एमआईसी-सामान्य सभा में प्रस्ताव नहीं लाने पर व्यापारी हुए नाराज

इधर निगम कमिश्नर ने व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि इस संबंध में पहले एमआईसी और सामान्य सभा में प्रस्ताव लाया जाएगा। पारित होने के बाद प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। कमिश्नर के इस आश्वासन पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से व्यापारियों को नोटिस जारी कर दो वर्ष पहले का किराया मांगा जा रहा है, लेकिन उनकी मांग को लेकर प्रस्ताव एमआईसी या सामान्य सभा में लाया नहीं गया है। ऐसे में प्रस्ताव कैसे पारित होगा।

### 15 दिन के बाद फिर बैठक

चैंबर अध्यक्ष अमर परवानी ने कहा कि बैठक में 6 बिंदुओं पर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर 15 दिन के अंदर निराकरण करने की मांग की है। इसके बाद भी निराकरण नहीं किया गया, तो अधिकारियों के साथ दोबारा बैठक करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, उपायुक्त विनोद पांडे, स्मार्ट सिटी से अंशुल शर्मा, जोन 4 अध्यक्ष अरुण ध्रुव सहित व्यापारियों में राम प्रजापति भरत अजवानी, सुभाष बजाज, सुशील कृष्णानी, अविनाश मेठानी, लवी रहेजा, रिझुमल बजाज, जगदीश गुडवानी, अशोक डेंबानी, इंदर जेवानी आदि उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### रांका-पथर्रा के बीच...

भी एथेनाल प्लांट प्रस्तावित है। सरपंच सचिव द्वारा गांव वालों को बिना विश्वास में लिए गुपचुप एनओसी जारी करने से भी ग्रामीण जनता में बहुत अधिक गुस्सा है। गुस्सा का आलम ये है की सरपंच सचिव जनता से कन्नी काटते फिर रहे है। गांव में विशेष ग्राम सभा कर इनकी एनओसी निरस्त करने के प्रस्ताव को अनदेखा किया जा रहा है। जबकि पंचायती राज में ग्राम सभा सर्वोपरी है, जिसके द्वारा पारित प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट भी खारिज नहीं कर सकता, उसकी उपेक्षा की जा रही है। मंच के प्रवीण तिवारी जनपद सदस्य सिद्धि खान ने आरोप लगाया कि रांका में प्लांट द्वारा बच्चों के खेल मैदान और धरसा को पक्की बाउंड्री से घेर दिया गया। जब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसीलदार से की तब पहले तो उन्होंने इसे नजर अंदाज कर दिया, लेकिन जब ग्रामीणों का दबाव बढ़ा तो आनन फानन में जमीन सुयश बायो फ्यूल को दे दी गई। जबकि इस जमीन पर गांव के युवा छात्र सेना और पुलिस में नौकरी में भर्ती के लिए अभ्यास करते हैं और बहुत से लोग इसमें सफल हो कर नौकरी प्राप्त कर चुके है।

### आयुर्वेद में है...

गए है असंतुलित आहार, दूषित आहार, पाचन शक्ति की कमी, मानसिक तनाव, अत्याधिक शारीरिक परिश्रम से है। वही आयुर्वेद में पांडु रोग के उपचार के लिए विभिन्न जड़ी-बूटियों और उपचार पद्धतियों का वर्णन किया गया है। संस्था के योगाचार्य सूर्य किरण साहू ने एनीमिया में योग और प्राणायाम का महत्व बताते हुए सूर्य नमस्कार, भुजंगासन और विपरीतकरणी आसनों का योगाभ्यास करवाया। ये आसन रक्त प्रवाह को बढ़ाने और रक्त की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायक होते हैं।

## खबर संक्षेप



### वृद्धाश्रम में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

दुर्ग। इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दुर्ग के तत्वाधान में वृद्धाश्रम पुलगांवमें वृद्धजनों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको मेडिकेटेड मच्छरदानी, हेल्थ कार्ड, चश्मा वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ मनोज दानी, डॉ सीबीएस बंजारे जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ खुशी जैन, दिलीप ठाकुर, लक्की दुबे, कमल तिवारी, समरेश पटेरिया, विवेक कापरे, धीरज इंगले, नीलू सिंह, सीता राम ठाकुर एवं मेडिकल टीम तथा वृद्धाश्रम के कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीएवी मॉडल कॉलेज में शिक्षकों का किया सम्मान



दुर्ग। आर्य शिक्षा समिति द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन डी ए वी मॉडल कॉलेज दुर्ग के कम्युनिटी हॉल में किया गया। इस अवसर पर आर्य शिक्षा समिति दुर्ग द्वारा संचालित महर्षि दयानंद उच्चतर माध्यमिक शाला, मठपारा, महर्षि दयानंद उच्चतर माध्यमिक शाला कोहका, महर्षि दयानंद उच्चतर माध्यमिक शाला गयानगर, डीएवी मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल आर्यनगर दुर्ग, डीएवी मॉडल कॉलेज बीएड पाठ्यक्रम आर्यनगर के समस्त प्राचार्यगण प्रधान पाठिकाओं, शिक्षकगण तथा सहायक प्राध्यापकगण को सम्मान राशि एवं श्रीफल भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल द्वारा की गई। उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# निरक्षरों को साक्षर करने पर स्वयंसेवकों को मिलेगा बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

जिले में निरक्षरों को साक्षर करने का अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा कराए गए सर्वे में तीस हजार से अधिक निरक्षर सामने आए है। ये ऐसे लोग है, जिन्हें अक्षर ज्ञान तक नही है। अब इन्हें साक्षर करने की मुहिम शुरू की जाएगी। वही ऐसे लोगों को साक्षर करने में योगदान देने वाले स्वयंसेवको को दसवी और बारहवी के बोर्ड परीक्षा में दस अंक दिया जाएगा।

भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (उल्लास) 2020 के तहत केंद्र प्रायोजित योजना ₹उल्लास (समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ) को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य न केवल आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना है, बल्कि 21वीं सदी के नागरिक के लिए आवश्यक अन्य घटकों को भी शामिल करना है, जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल (वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य देखभाल और जागरूकता, बाल देखभाल और शिक्षा और परिवार कल्याण सहित) व्यावसायिक कौशल विकास (स्थानीय रोजगार प्राप्त करने की दृष्टि से); बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा (कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल और मनोरंजन में समग्र वयस्क शिक्षा पाठ्यक्रमों की पढ़ाई होगी।

## पन्द्रह हजार किताब पहुंची, पंद्रह साल से अधिक उम्र के लोगों को करना है साक्षर

### तीन हजार में सामने आए चार हजार

इस योजना को ऑनलाइन माध्यम से स्वयंसेवा के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दुर्ग जिले में तीन हजार स्वयंसेवको की खोज की जा रही थी। लेकिन इस अभियान से प्रभावित चार हजार युवा निरक्षरों को पढाने सामने आए हैं। इन्हें न सिर्फ साक्षर करना हैं, बल्कि स्वयंसेवकों को आसानी से सुलभ डिजिटल मोड, जैसे टीवी, रेडियो, सेल फोन-आधारित मुफ्त, ओपन-सोर्स ऐप, पोर्टल आदि के माध्यम से सभी सामग्री और संसाधन डिजिटल रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे पढाई कराई जा सके।



### डिजिटल पढाई से होंगे पारंगत

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत पन्द्रह से अधिक उम्र के लोगों को साक्षर बनाना है। इसमें डिजीटल मूड में पढाई कराई जाएगी। ताकि आज के तकनिक का ज्ञान भी निरक्षरों को हो सके। अधिकारियों ने बताया कि, जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी असाक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कराकर डिजिटल युग के लिए तैयार कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितम्बर 2024 के उपलक्ष्य में जिले में 1 सितम्बर से 8 सितम्बर 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आठ को प्रदेश स्तर पर जिलेवार स्टाल लगाया जाएगा।

## उदासीनता : पिछले साल का टारगेट अब तक पूरा नहीं, सैकड़ों की नींव नहीं रखी

# छह हजार में 1100 सौ की स्वीकृति उसमें भी सिर्फ 117 शौचालय ही बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। स्वच्छता भारत मिशन के तहत गांव गांव में शौचालय की सुविधा दिए जाने का ढिंढोरा लंबे समय से पीटा जा रहा है। लेकिन अभी तक जिले में व्यक्तिगत शौचालक की सुविधा लोगों को सरकारी सिस्टम से नही मिल पाई है। वर्ष 2023 में 6 हजार शौचालन बनाने का टारगेट रखा गया था। जिसमें महज 1106 की ही स्वीकृति मिली है। इसमें भी अब तक सिर्फ 117 शौचालय ही बन पाए है।

जानकारी अनुसार जिले में 308 ग्राम पंचायत के अधीन 381 गांव है। इसमें 31 मार्च 2024 तक 9177 व्यक्तिगत शौचालय पूर्ण हो चुके है। वित्तिय वर्ष 2023-24 को छः हजार शौचालय बनाने का टारगेट तय किया गया था। जिसमें राज्य स्तर से 1106 शौचालय बनाने की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन शौचायल निर्माण में डेढ साल से अधिक समय हो चुके है और हालात यह है कि, 1106 की स्वीकृति में सिर्फ 117 शौचालय पूर्ण हुए है। जबकि 324 शौचालय प्रगतिरत बताए जा रहे है। इस तरह स्वीकृति मिलने के बाद भी प्रशासनिक उदासीनता के कारण शौचालय बनाने में डेढ साल गुजर गए और सरकारी सुविधा लोगों नही मिल पाई है।

## गांव में कैसे होगा स्वच्छता का अभियान पूरा, मॉनिटरिंग का भी अभाव

**खास बातें**

- स्वच्छत मिशन के तहत करना हैं निर्माण
- मानिटरिंग नही होने से नही बन पाए शौचालय
- 12 हजार की मिलती है सहायता राशि
- इस साल नहीं दिए गए नये टार्गेट



### जिले में 665 शौचालय की शुरूआत ही नहीं

जिला पंचायत के विगत जून माह के आंकडे के अनुसार स्वीकृति किए गए 1106 शौचालय में 665 शौचालय का निर्माण साल बीतने के बाद भी शुरू नही हो पाया है। पिछले साल मिले टारगेट को पूरा नही किए जाने के कारण वर्ष 2024 में नया टारगैट भी नही मिल पाया हैं। इस तरह वर्ष 31 मार्च 2024 तक 9177 शौचालय पूण हैं, वही अगर 1106 शौचालय पूर्ण कर करीब 10283 शौचालय बन जाना था। लेकिन बने सिर्फ 9294 शौचालय है।

### मिलती है बारह हजार रूपए की राशि

केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में महात्मा गांधी की जयंती पर इस अभियान की शुरूआत की गई थी। जिसका मकसद गांव-गांव में शौचालय निर्माण कर स्वच्छता की अलग जगानी थी। इसके लिए प्रत्येक शौचालय बनाने पर बारह हजार की भी राशि दी जाती है। जानकारी अनुसार शौचालय निर्माण पर नजर रखने के लिए जीओ टैगिंग भी किया जाना है। जानकारी अनुसार शौचालय का जिला पंचायत को जीओ टैगिंग करना है, जिसमें 853 अपूर्ण है, जबकि 8441 का जीओ टैगिंग किया जा चुका है।

# मिनीमाता चौक और फुटपाथ से कब्जे को अमले ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



पुलगांव मिनी माता चौक से अमले ने सडक़ फुटपाथ में समान फैलाकर अनाधिकृत रूप से व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कारर्वाई की गई। स्थल से हटाकर सडक़, फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

- नगरनिगम के अफसरों ने सड़क किनारे से हटाए कब्जे

अवैध रूप से सडक़ के किनारे व फुटपाथ पर कब्जा कर पान ठेले फल ठेले, बांस बल्ली लगाकर होटल चलने वाले दुकान, कपड़े दुकान के बाहर समान कपड़े व अन्य सामग्रियों को फैलाकर दुकानें लगाई थी सडक़, फुटपाथ पर मार्ग के किनारे दुकानें सजाने से अनावश्यक भीड़ एकत्रित होती थी। इससे सडक़ दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी और आम नागरिकों एव वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा होती थी। शहर भ्रमण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने उक्त स्थल का निरीक्षण भी किया। निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई करते हुए राजस्व अधिकारी एवं अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, प्रभारी अधिकारी योगेश सूरे सहित टीम द्वारा सडक़ व फुटपाथ में दुकान लगाने लोगों को समझाइश दी गई।

नगर निगम राजस्व एवं अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में टीम अमले ने मिनी माता चौक क्षेत्र से सड़क फुटपाथ में समान फैलाकर अनाधिकृत रूप से व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। स्थल से हटाकर सड़क, फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

## फेडरेशन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



दुर्ग। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को देय तिथि से मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन स्वीकृत करने के मुद्दों पर फेडरेशन के प्रातिनिधि मंडल द्वारा विजय बघेल सांसद को ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, जिला संयोजक-विजय लहरे, महासचिव एवं प्रवक्ता अनुरूप साहू, राकेश साहू प्रांतिय महामंत्री छ.ग. प्रादेश शिक्षक फेडरेशन, पंकज राठौर, गौरीशंकर रावना एवं लक्ष्मण यादव उपस्थित थे। उक्त जानकारी फेडरेशन के प्रावक्ता अनुरूप साहू ने दी है।

# 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर 2024 तक दुर्ग-भिलाई में आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार योगा 14, 17 व 19 बालक-बालिका, बाक्सिंग 14, 17 व 19 बालक-बालिका, टेबल टेनिस 19 बालक-बालिका, जुडो 14,17 व 19 बालक-बालिका, लॉन टेनिस 14,17 व 19 बालक-बालिका और साइकिलिंग (ट्रेक) 14, 17 व 19 बालक-बालिका खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कुल 5 संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के कुल 980 स्कूली बच्चे भाग लेंगे। जिसके लिए आवास व्यवस्था भिलाई के विभिन्न निजी विद्यालयों में किया गया है। आवास स्थल से खेल मैदान तक परिवहन व्यवस्था भी निजी विद्यालयों के वाहनों द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है। बाक्सिंग खेल सेजस जेआरडी दुर्ग में, लॉन टेनिस खेल मैदान भिलाई निवास के पास सेक्टर 5 में, टेबल टेनिस शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 में, साइकिलिंग जयंती स्टेडियम में, जुडो खेल बीएनएस सेक्टर 8 में और योगा खेल सीनियर सेकंडरी सेक्टर 10 में होना निर्धारित हुआ है। प्रतियोगिता का शुभारंभ माननीय अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में 10 सितम्बर को प्रातः 10 बजे सेक्टर 2 भिलाई विद्यालय में होगा तथा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 13 सितंबर को सुबह 11 बजे भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में होगा।

- 5 संभाग के 980 बच्चे होंगे शामिल

## विवाहित महिलाओं के लिए प्लेसमेंट केम्प 13 को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर में 13 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 15 पदों पर भर्ती की जाएगी। समस्त पद केवल विवाहित महिलाओं के लिए है। शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित है। आयु सीमा 30 से 45 वर्ष है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची सहित अन्य दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय मालवीय नगर चौक दुर्ग में उपस्थित हो सकते हैं।

## गणेशोत्सव की महापौर ने दी शुभकामनाएं



दुर्ग। गणेश चतुर्थी पर शनिवार को घर-घर एवं शहर में गणेश प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारी चल रही है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहरवासियों को श्रीगणेश की दस दिवसीय विशेष सार्वजनिक पूजा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने भगवान श्रीगणेश से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## चातुर्मास पर किए जा रहे है भजन कीर्तन



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आशाराम बापू की संस्था द्वारा चातुर्मास पर पूरे चार माह घर घर आसारामायण पाठ और भजन कीर्तन किया जा रही है। उसी कड़ी में सपना बहन कोहका में भी पाठ व भजन कीर्तन किया गया। जिसमें साधक शामिल हुए। कार्यक्रम देव शयनी एकादशी से शुरू होकर देव उठनी एकादशी तक चार महा निरंतर चलता रहेगा। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

# स्कूल में नशे के विरुद्ध दिलाई गई छात्रों को शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महर्षि दयानंद आर्य उ.मा. विद्यालय, मठपारा में दुर्ग पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान संकल्प एक युद्ध नशे के विरूद्ध के तहत बच्चों को प्रोत्साहित तथा जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नशे से होने वाले दुष्परिणाम, साइबर क्राइम और ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के सीएसपी, आईएएस चिराग जैन, ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी संतोष ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, एसडीएम हिरवंश मिरी, टीआई विजय यादव साथ ही आर्य शिक्षा समिति, दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, श्रीमती करुणा गौतम, श्रीमती विजयलक्ष्मी दुबे, श्रीमती तृप्ति चटर्जी, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद थे। संकल्प अभियान के तहत डीएसपी, सीएसपी व एसडीएम ने बच्चों को नशे की लत के कारण हो रही दुर्घटना एवं ट्रैफिक नियमों की जानकारियां दी। अंत में सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के तहत संकल्प दिलाया गया।

- संकल्प एक युद्ध नशे विरुद्ध के तहत कार्यक्रम

# खरीदी से पहले हो सोसायटियों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा किसान महापंचायत का आयोजन ग्राम अण्डा में किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि, किसानों की प्रदेश स्तरीय महापंचायत का आयोजन 20 अक्टूबर को अण्डा में किया जायेगा।

- 20 अक्टूबर को महापंचायत का आयोजन

किसान महापंचायत में कृषि एवं किसानों से संबंधित केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों और कार्यक्रमों पर चर्चा करके प्रस्ताव पारित किया जाता है। बैठक में उपस्थित किसानों ने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि विष्णु देव सरकार को बने 10 महीने हो गए हैं, लेकिन किसानों की समितियों का चुनाव नहीं कराया गया है। किसानों को लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित रखा गया है, किसानों ने सहकारी समितियों के चुनाव धान खरीदी शुरू होने से पहले कराने की मांग की है। धान की सरकारी खरीदी दीपावली पर्व के बाद आगामी 4 नवम्बर से शुरू करने की मांग की है। बैठक में शिवकुमार साहू, पूरणलाल साहू, कमलनारायण, तेज चौहान, कुमार सिन्हा, बालाराम साहू, दयाराम साहू, नंदकुमार गजपाल, रणमत साहू, आत्माराम, गौतम राम, ढालेश साहू, जैतराम साहू, कांतिलाल देशमुख, कल्याण सिंह ठाकुर, परमानंद यादव, बद्री प्रसाद पारकर, उत्तम चंद्राकर, राजकुमार गुप्त आदि उपस्थित थे।

## मालवीय नगर चौक में बस स्टॉपेज देने की मांग

दुर्ग। यातायात सुरक्षा की दृष्टि से दुर्ग नगर में बसों का बस स्टैंड से छूटने एवम स्टॉपेज के लिए नए नियम लागू किए जा रहे हैं। जिसकी कवायद शुरू हो चुकी है। नए नियम के अनुसार दुर्ग बस स्टेंड से बस छूटने के बाद सीधे नेहरू नगर चौक में रुकेगी। उसके बाद सुपेला चौक, चंद्रा मौर्य चौक, पावर हाउस चौक, खुर्सीपार चौक में रुकेगी। इस तरह पांच स्थानों में रुकेगी। इस नई व्यवस्था में साधारण संशोधन करते हुए मालवीय नगर चौक में भी बस का स्टॉपेज देने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता एवम नगर निगम दुर्ग के स्वच्छता सर्वेक्षण ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने आयुक्त नगर निगम एवम यातायात पुलिस उप अधीक्षक को पत्र लिखा है।

## बदलते जलवायु के अनुसार खेती की दी गई जानकारी

# कम बीज पर अधिक उत्पादन की बताई गई तरकीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) द्वारा बदलती जलवायु के परिवेश में परम्परागत खेती में समय पर वर्षा न होना, अचानक अति वर्षा का होना जैसी परिस्थितियों में तकनीकी रूप से परिवर्तन कर खेती में सुधार की नई-नई तकनीकों का कृषकों के प्रक्षेत्र पर परीक्षण किया जा रहा है।

- नई-नई तकनीकों का किया जा रहा परीक्षण

धान की खेती में परम्परागत रोपा को और विशेषकर हाईब्रिड धान को कतार बोनी के माध्यम से कम बीज दर पर अधिक उत्पादन कैसे लिया जाए, इस दिशा में कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा द्वारा जिले के विकासखण्ड पाटन अंतर्गत ग्राम अमेरी में कृषकों के प्रक्षेत्र पर परीक्षण लिया गया है। कृषि विज्ञान केन्द पाहंदा के वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार नायक द्वारा इनक्लाईन्ट प्लेट प्लान्टर जिसमें कतार-से-कतार एवं पौधे-से-पौधे की दूरी नियंत्रित की जा सकती है, से बायर कम्पनी के एराइज 8455 डीटी किस्म का प्रदर्शन 8 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से ग्राम अमेरी में किया गया है।



### बीमारी और कीट प्रकोप से मिलेगी राहत

बीमारियों व कीड़ों के प्रकोप में होने वाले व्यय में कमी के लिए चर्चा की। बायर कम्पनी के विवेकानन्द गुप्ता ने इस धान की गुणवत्ता से समस्त कृषकों को अवगत कराया। इस अवसर पर ग्राम-अमेरी के सरपंच बलराम चन्द्रवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त कियें। परिचर्चा के बाद समस्त किसानों ने प्रक्षेत्र का भ्रमण कर प्रदर्शन का अवलोकन किया। डॉ. कमल नारायण, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### नई तकनीकी से कराया गया अवगत

इस प्रदर्शन पर किसानों की प्रतिक्रिया की चर्चा हेतु एक प्रारम्भिक प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन में ग्राम अमेरी, करगा, बटंग, औरी आदि गांवों के 50 से अधिक किसानों ने अवलोकन किया। चर्चा के दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक श्री ईश्वरी साहू ने तकनीक पर किसानों को अवगत कराया। डॉ. विजय जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि दुर्ग जिले के जलवायु में हाईब्रिड धान व कतार बोनी के संयोजन में दोनों प्रकार की भूमि जैसे सिंचित व असिंचित अवस्था में प्रदर्शन कर लागत में कमी कैसे हो सकती है।

# व्यवस्थित होंगे इंदिरा मार्केट और शीतला सब्जी मंडी



दुर्ग। पद्मनाभपुर स्थित सब्जीमंडी और इंदिरा मार्केट में अब जलभराव की समस्या दूर होगी। वहीं बारिश का पानी न ठहरे इसके लिये पसरा की हाईट बढ़ाकर नाली बनाई जाएगी। शहर विधायक गजेंद्र यादव ने दोनों जगह पहुंचकर व्यापारियों के साथ निरिक्षण किया। मार्केट में आने वाले ग्राहकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग और अत्याधुनिक सार्वजनिक सुलभ भी बनाने इंजिनियर को निर्देश दिये। शीतला सब्जी मंडी के व्यापारियों ने बताया कि, निकासी नाली नीचे होने के कारण बारिश का पानी भर जाता है। इस दौरान मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियो के साथ मार्केट में जलभराव को रोकने नाला तक नाली बनाने निर्देश दिये। इसके अलावा मंडी परिसर में व्यापार को बढ़ाने दुकान का निर्माण कर सब्जी मंडी का उन्नयन करने कहा, शहर के हृदय स्थल पर स्थित इंदिरा मार्केट का भी विस्तार किया जाना है। बाबूलाल सैनी, जितेंद्र सोनकर, मितेश पटेल, हर्ष अग्रवाल सहित स्थानीय सब्जी व्यापारियों ने बताया कि, पानी निकासी नहीं होने से मार्केट में किचड़ होने लगा है। जिससे फल सब्जी खरीदने के लिए आने वाले नागरिकों को परेशानी होती है। विधायक श्री यादव ने इंजीनियर को प्रस्ताव बनाने कहा है।

**खबर संक्षेप**



## 1 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल टीम ने 1 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी संजु कश्यप पिता जनक राम कश्यप उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम घिवरी के विरुद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे जेल भी दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि संजु कश्यप निवासी घिवरी अपने गांव के नहर के पास अवैध रूप से बिक्री के लिए मादक पदार्थ गांजा रखा है। उक्त सूचना पर सिटी कोतवाली स्टाफ मौके स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर छापामार कारवाई की गई। इस दौरान आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 1 किलो 900 ग्राम कीमती करीबन 19,000 रूपये एवं एक नग मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एजे 4623 जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत कारवाई की गई। उक्त कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक सौरभ सिंह, मोती लाल जायसवाल, जयकिशन साहू, धनेश्वर लहरे, लव यादव, मनीष मिश्रा एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

## सेलूद स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**सेलूद।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद के छात्र-छात्राओं ने शाला के शिक्षकों का सम्मान श्रीफल, शाल, पुष्पगुच्छ, मिठाई एवं तिलक लगाकर किया। माधुरी साहू और चेतना साहू ने शाला के प्रधान पाठक नीरा वर्मा एवं वंदना साहू के हाथों में मेहंदी लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शिक्षक दिवस के इस शुभ अवसर पर नीरा वर्मा, जितेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र वर्मा, वंदना साहू ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचार धाराओं और उसके योगदान को शाला के बच्चों के समक्ष रखा गया।

## नवोदय विद्यालय में नौ को शास्त्रीय गायिका नीतू झा

**भिलाई।** दुर्ग को बोरई स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय को संगीत नाटक अकादमी के कला धरोहर कार्यक्रम के लिए चुना गया है। यहां 9 और 10 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दरभंगा घराने की प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका नीतू झा अपने सहयोगी कलाकारों के साथ विद्यार्थियों को मीरा बाई के भजनों के स्वर, ताल और लय सिखाएंगी। कार्यशाला के अंत में विशेष प्रस्तुति में विद्यार्थी मीरा के भजनों की प्रस्तुति देंगे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार संत मीरा बाई की 552 वीं जयंती मना रही है। जिसके तहत देशभर में संगीत नाटक अकादमी द्वारा कला धरोहर श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।

**पर्व : शनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर की गई प्रतिमाओं की स्थापना**

# घरों के साथ पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश









### गणेशोत्सव पर होंगे विविध कार्यक्रम, बाजे-गाजे के साथ घरों व पंडालों तक लाई गई प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

नगर सहित जिलेभर में शनिवार का दिन लोगों के लिए उत्साहभरा रहा। गणेश चतुर्थी के अवसर पर जहां कई लोगों ने अपने घरों में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की, वहीं कई जगह पंडालों में मूर्तियों की स्थापना की गई। वहीं, मूर्ति स्थापना से पहले लोगों ने गाजे-बाजे के साथ मूर्तियां लाई। उसके बाद पूजा-अर्चना कर प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इसके साथ ही 11 दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव की शुरुआत हो गई। इस अवसर पर कई जगहों पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। भादो मास के शुक्ल पक्ष को गणेश चतुर्थी मनाई गई। इस पर्व पर कई लोगों ने जहां अपने अपने घरों में छोटे से गणेश जी की मूर्ति स्थापित की, वहीं नगर के चौराहों पर गणपति के लिए पंडाल बनाए गए हैं, जहां पर गणेश जी के मूर्ति की स्थापित की गई। इस अवसर पर पंडाल में आचार्यों द्वारा मूर्ति की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ आरती कर उन्हें स्थापित किया गया।

**कई दिनों से की जा रही थी तैयारी-** गौरतलब है कि गणेशोत्सव के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर चौराहों पर मूर्ति की स्थापना के लिए तैयारी बड़े जोर शोर से कई दिन पूर्व से ही की जा रही थी। पंडालों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। इसके पहले गणेश जी की मूर्ति को नगर के विभिन्न मूर्ति कारों के यहां से विभिन्न साधन लेकर पहुंचे जहां पर अगरबत्ती एवं श्रीफल से आरती कर श्रीफल भेंट किया गया। उसके बाद अपने साधनों से गाजे-बाजे के साथ पंडाल तक लाया गया। पंडालों शहर से बाहर से भी मूर्तियां लाई गई हैं, जिनमें से कुछ लोगों ने 1 दिन पूर्व ही देर रात तक प्रतिमाएं ले आए थे।

# बाइक, रिक्शे, कार के साथ बड़ी गाड़ियों में पहुंचे गजानन

### नवागढ़ नगर सहित अंचल में गणेश चतुर्थी पर दिनभर रही चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

श्री गणेश चतुर्थी पर शनिवार को भगवान गणेश की प्रतिमाओं की धूमधाम से स्थापना की गई। घर-घर में लोगों ने गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की। वहीं सार्वजनिक पंडालों पर गणेशोत्सव समितियों ने आतिशबाजी, डीजे व बैंड-बाजे के साथ गणपति प्रतिमाओं को स्थापित किया। दिनभर लोग अपनी सुविधा से प्रतिमाएं ले जाते रहे। साइकिल, रिक्शा, ठेला, बाइक-मोपेड, कार से लेकर ट्रक एवं ट्रैक्टर तक कोई वाहन नहीं छूटा। नवागढ़ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में अगले 11 दिन तक अब गणेशोत्सव की धूम रहेगी।

**प्रमुख चौक चौराहों के पंडालों में विराजे गणपति-** नगर के सुकुल पारा, देवांगन पारा,बीच पारा, दर्री पारा, शंकर नगर,मुख्य चौक, बावली पारा, मिश्रा पारा, ठाकुर देव, बावा पारा इत्यादि इलाकों के प्रमुख चौक चौराहों पर गणेशोत्सव का सिलसिला शहर समेत अंचल में 11 दिनों तक चलता रहेगा। इस दौरान सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शहर की कुछ समितियों ने बेमेतरा,मुंगेली व रायपुर से भी गणेश की मूर्तियां मंगवाई हैं। भगवान गणेश के प्रिय भोग लड्डू के साथ पूजन व सजावट सामग्री की मांग बढ़ गई है। बाजार में दुकानों के बाहर तक स्टॉल लगाए गए हैं।



**चूहों की भी आकर्षक मूर्तियां-** इस बार भगवान गणेश के साथ चूहों की भी आकर्षक मूर्तियां बाजार में दिखाई दीं। बच्चों को ये काफी आकर्षित करती रहीं। मूर्तिकार तिलक कुम्भकार ने बांसुरी व ढोल बजाते चूहों की आकर्षक मूर्तियां बनाई हैं। कहीं-कहीं चूहे को लड्डू खाते दिखाया गया है। 10-12 फिट तक की मूर्तियां देखने में आई हैं।

**बच्चों में दिखा विशेष उत्साह -** प्रतिवर्ष विभिन्न पण्डालों के अलावा घर पर मूर्तियां स्थापित की जाती हैं। घर पर मूर्ति स्थापित करने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी बच्चों की रहती है। कुम्हारपारा से बच्चे समूह में गणेश की छोटी मूर्ति ले जाते दिखे। कई पालक बच्चों के साथ मोटरसाईकिल में सिद्धि विनायक की मूर्तियां ले गए।

**मिट्टी की प्रतिमाओं को लेकर आई जागरूकता-** समाजसेवी मिंटू बिसेन ने कहा कि नगरवासियों में इतनी जागरूकता आ गई है कि वे खुद ही प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों को नहीं खरीद रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले कई साल से बच्चों के लिए घर में मिट्टी से बनी मूर्ति की स्थापना कर रहे हैं, क्योंकि पीओपी मूर्तियां तालाब के पानी में नहीं घुलती हैं। यह पानी और जीव-जंतुओं के लिए घातक है।

# शराब से लदे सरकारी वाहन ने बाइक को ठोका, युवक, बच्चे व महिला घायल

### साजा थाना इलाके के ग्राम डोंगीतराई में शनिवार दोपहर हुई दुर्घटना





हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/साजा

साजा थाना इलाके के ग्राम डोंगीतराई में शनिवार दोपहर शराब से भरी सरकारी गाड़ी से युवक के साथ ही महिला व बच्चों के चपेट में आने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के सरकारी वाहन में परपोड़ी से बेमेतरा स्थित कोबिया के लिए शराब भरकर साजा-देवरबीजा के रास्ते ले जाया जा रहा था। इसी बीच नगर साजा से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर ही डोंगीतराई गाँव मे मोड़ के पास त्योहार के लिए दोपहिया वाहन से अपने घर जा रहे ग्राम बरगड़ा निवासी मनीष साहू एवं बच्चों सहित उसके परिजनों को अपनी चपेट में ले लिया। युवक वाहन के साथ कुछ दूर तक घसीटाता रहा। उसके बाद ग्रामीणों ने वाहन चालक को पकड़ा। बताया जा रहा है कि सरकारी वाहन में 720 पौवा अंग्रेजी शराब लदी थी। इस दौरान घटनास्थल पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। उधर घटना के बाद मौके उपस्थित डोंगीतराई के ग्रामीणों ने घायलों को तुरंत उठाकर उचित उपचार के लिए साजा भेजा एवं स्थानीय पुलिस को सूचित किया। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर साजा थाना की पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची और आरोपी चालक को वाहन सहित कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसा घटना के सम्बंध में पूछताछ कर विभिन्न जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो उक्त सरकारी वाहन का चालक शराब के नशे में चूर था और तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था।

**आरोपियों से पूछताछ जारी**

इस घटना में साजा पुलिस ने आरोपियों को मौके पर गाड़ी सहित पकड़ा गया है। प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट लिखाई गयी है, जिस पर आरोपियों को कब्जे में रखकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

- **चन्द्रदेव वर्मा,** प्रभारी निरीक्षक, पुलिस थाना साजा

## तीज पर राम मंदिर में हुई महादेव की पूजा...



**नवागढ़।** शुक्रवार की रात तीज व्रत के अवसर पर श्रीरामकृष्ण मंदिर नवागढ़ प्रांगण में नगर महिलाओं के लिए महादेव एवं माता पार्वती की विशेष पूजा मंदिर के महन्त सुरेंद्र दास एवं डुग्गू महाराज ने पूजा करवाई। इस दौरान मिंटू बिसेन, बबलू ताम्रकार, लक्ष्मी चंद जैन, पंचराम पटेल, कुमार वर्मा, बॉबी वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# परपोड़ा में मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला



विकासखण्ड बेरला के निकटवर्तीय क्षेत्र में आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परपोड़ा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर सर्वप्रथम मां सरस्वती की शैलचित्र की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद बच्चों ने तिलक लगा कर शिक्षक के लिए स्वागत गीत और कविता प्रस्तुत किया। साथ ही बच्चों ने शिक्षकों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रधान पाठिका दुर्गा निर्मलकर ने सर्वपल्ली राधाकृष्णण की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत में पांच सितंबर को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्मदिन पर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वे एक महान शिक्षक और भारत के राष्ट्रपति थे। शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। वे हमारे जीवन के पहले गुरु होते हैं, जो हमें केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन की सच्ची शिक्षा भी देते हैं। वे हमें सही और गलत का अंतर सिखाते हैं। वह हमें प्रेरित करते हैं। हमारे सपनों को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन करते हैं। उनका समर्पण और मेहनत ही हमारे भविष्य की नींव है। वही शिक्षकों ने सभी बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला परपोड़ा के प्रधान पाठिका दुर्गा निर्मलकर, शिक्षक ईश्वर लाल निर्मलकर, नितिन कुमार बागुल, मंजुश्री सिंह, उषा साहू, लक्ष्य राजपूत सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर